शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम

कार्यक्रम की तिथि – 28/01/2025
समय – 12:00 से 1:30 बजे तक
अवधि – 1 घण्टा 30 मिनट
कार्यक्रम में उपस्थित वक्ता – डॉ. रागिनी ठाकुर, स्त्री रोग विशेषज्ञ
(MBBS, MD Gold Medalist)

विषय –	स्त्री रोग संबंधी सम्बन्धी व्याख्यान का आयोजन ।
उद्देश्य –	महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य, उनके शरीर में होने वाले विभिन्न शारीरिक और जैविक परिवर्तनों तथा स्त्री रोगों की रोकथाम, पहचान और उपचार से संबंधित जानकारी प्रदान करना है।
कार्यक्रम विवरण –	दिनांक 28.01.2025 में स्त्री रोग संबंधी व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. रागिनी ठाकुर (स्त्री रोग विशेषज्ञ) जिला चिकित्सालय धमतरी के द्वारा मासिक धर्म, पी.सी.ओ.डी. पर छात्राओं को विस्तृत जानकारी पी.पी.टी. के माध्यम से दी गई।
परिणाम –	छात्राओं द्वारा स्त्री रोग से संबंधित प्रश्न किया गया, समस्त प्रश्नों का डॉ. रागिनी ठाकुर (स्त्री रोग विशेषज्ञ) द्वारा परामर्श एवं उपचार बताया गया। उक्त कार्यक्रम में प्राचार्य, प्राध्यापकगण एवं 50 छात्राएं उपस्थित रहीं।


कार्यालय–प्राचार्य, शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
www.nrmggedhamtari.in / E-mail: girlscollegedhamtari@yahoo.com, / Ph: 07722-296487

NAAC GRADE – 'B'

धमतरी, दिनांक 23.01.2025

// सूचना //

महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.01.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे स्त्री रोग संबंधी व्याख्यानमाला का आयोजन होना है। अतः सभी छात्राएं उक्त व्याख्यानमाला में उपस्थित रहें।

(डॉ. अनिता राजपुरिया)
प्राचार्य

D:\Harsh\2020-21\Notice

Page 1010

फोटोग्राफ	

GPS Map Camera
Dhamtari, Chhattisgarh, India
Govt NRM Girls College Dhamtari Dulari Nagar
Gali No. 1, Dhamtari, Chhattisgarh 493776, India
Lat 20.679166° Long 81.559258°
28/01/25 12:31 PM GMT +05:30
Google

Menstrual Hygiene
GPS Map Camera
Dhamtari, Chhattisgarh, India
Govt NRM Girls College Dhamtari Dulari Nagar
Gali No. 1, Dhamtari, Chhattisgarh 493776, India
Lat 20.679166° Long 81.559258°
28/01/25 12:15 PM GMT +05:30
Google

प्रकाशित समाचार

महिलाओं को स्वस्थ्य जीवन के लिए जानकारी जरुरी- डॉ. रागिनी

धमतरी। शासकीय नारायणराव मेघावाले गर्ल्स कॉलेज धमतरी में अध्यनरत छात्राओं के लिए स्त्री रोग संबंधी विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रागिनी ठाकुर, स्त्री रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय धमतरी उपस्थित रही, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ अनिता राजपुरिया ने की। छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ. रागिनी ठाकुर ने कहा कि महिलाओं को स्वस्थ्य जीवन जीने के लिए सम्पूर्ण जानकारी होनी आवश्यक है। मासिक धर्म एवं स्वच्छता विषय पर डॉ ठाकुर ने छात्राओं को जानकारी देते हुए कहा कि मासिक धर्म में किसी भी प्रकार की होने वाली समस्या पर तत्काल स्त्री रोग विशेषज्ञ के पास जाकर उपचार कराएं। मासिक धर्म एक स्वाभाविक और स्वस्थ प्रक्रिया है, जिसे जागरूकता और सही देखभाल के माध्यम से सरल और सुरक्षित बनाया जा सकता है। इसे लेकर किसी भी प्रकार की झिझक या गलतफहमी नहीं होनी चाहिए। महिलाओं और समाज को इसके प्रति संवेदनशील और जागरूक होने की आवश्यकता है। प्राचार्य डॉ. अनिता राजपुरिया ने कहा कि स्त्रियों को होने वाली परेशानियों की जानकारी हमें होनी चाहिए जिससे समय रहते निदान किया जा सके। मासिक धर्म को लेकर समाज में कई मिथक और रूढ़िवादिता प्रचलित है। महिलाओं को इस विषय पर जागरूक करने और खुलेपन को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ाधिकारी डॉक्टर चंद्रशेखर बांधें एवं आभार कार्यक्रम प्रभारी सहायक प्राध्यापक दामिनी ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अध्यापक डॉ डीआर चौधरी, सहायक प्राध्यापक हुकेश मार्कण्डेय, रोली जांगड़े, डॉ सुषमा साहू, पोखराज साहू, नरेन्द्र कुमार साहू, सतीश साहू आदि उपस्थित रहे।

धमतरी 30-01-2025

महिलाओं को स्वस्थ जीवन के लिए जानकारी जरूरी

भास्कर न्यूज | धमतरी

धमतरी। छात्रों को स्त्री रोग संबंधी जानकारी देती मुख्य वक्ता।

शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या कॉलेज धमतरी में अध्ययनरत छात्राओं के लिए स्त्री रोग संबंधी विषय पर व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता जिला अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रागिनी ठाकुर थीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वस्थ जीवन जीने के लिए संपूर्ण जानकारी होनी आवश्यक है। मासिक धर्म में किसी भी प्रकार की होने वाली समस्या पर तत्काल स्त्री रोग विशेषज्ञ के पास जाकर उपचार कराएं। मासिक धर्म एक स्वाभाविक और स्वस्थ प्रक्रिया है, जिसे जागरूकता और सही देखभाल के माध्यम से सरल और सुरक्षित बनाया जा सकता है। इसे लेकर किसी भी प्रकार की झिझक या गलतफहमी नहीं होनी चाहिए। महिलाओं और समाज को इसके प्रति संवेदनशील और जागरूक होने की आवश्यकता है। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनिता राजपुरिया ने की। उन्होंने कहा कि स्त्रियों को होने वाली परेशानियों की जानकारी हमें होनी चाहिए, जिससे समय रहते निदान किया जा सके। मासिक धर्म को लेकर समाज में कई मिथक और रूढ़िवादिता प्रचलित है। महिलाओं को इस विषय पर जागरूक करने और खुलेपन को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर क्रीड़ाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर बांधे, सहायक प्राध्यापक दामिनी ठाकुर, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डीआर चौधरी, सहायक प्राध्यापक हुकेश मार्कंडेय, रोली जांगड़े, डॉ. सुषमा साहू, पोखराज साहू, नरेन्द्र कुमार साहू, सतीश साहू आदि उपस्थित थे।